UP News: लखनऊ-गाजियाबाद में 48 करोड़ की लागत से स्थापित होगा फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, प्रस्ताव मंजूर

डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की आठवीं बैठक में लखनऊ और गाजियाबाद में 48 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया.

By Prabhat Khabar Digital Desk, Lucknow | Updated Date Sat, Dec 18, 2021, 5:38 PM IST

अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल | प्रभात खबर

UP News: अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में शनिवार को लोक भवन में राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की आठवीं बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में लखनऊ और गाजियाबाद जनपद में 48 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. इसके अलावा, बैठक में जनपद एटा औद्योगिक क्षेत्र के उन्नयन हेतु 823 लाख रुपये के प्रस्ताॉ को भी अनुमोदित किया गया. इन परियोजनाओं के प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति हेतु भारत सरकार को भेजा जायेगा. इसके अतिरिक्त, संभल, मुरादाबाद और बदायूं में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की स्थापना का प्रस्ताव यथाशीघ्र समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये.

अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने बताया कि लखनऊ जनपद के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में 18 करोड़ रुपये की लागत से 3600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की स्थापना करायी जायेगी. इसमें 39 औद्योगिक इकाइयों की यूनिटें संचालित होंगी. यह कॉम्प्लेक्स पांच मंजिल का होगा. इसके निर्माण की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है. फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के रेलवे स्टेशन एवं स्टेट हाईवे के निकट होने से उद्यमियों को भी काफी सहूलियत मिलेगी.